# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग में बड़ा रेल हादसा, तीन रेलकर्मी समेत आठ लोगों की मौत, पचास लोग घायल, बारसोई न्यू जलपाईगुड़ी रेलखंड पर यातायात प्रभावित।
2. रेलवे ने मृतकों के निकटतम आश्रितों को दस दस लाख, गंभीर घायलों को दो लाख पचास हजार और मामूली घायलों को पचास हजार रुपये अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की।
3. पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, इनामी जोनल कमांडर समेत चार नक्सली मारे गए, दो नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार, सर्च अभियान जारी।

और

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खातों में जारी करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की राशि, 20 हजार करोड़ रुपये की सत्रहवीं किस्त होगी जारी।

*******************

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के पास सियालदाह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मालगाड़ी के टक्कर से हुई इस दूर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गयी है। वहीं 50 लोग घायल हो गए हैं। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा ने कहा है कि पश्चिम बंगाल रेल दुर्घटना में तीन रेल कर्मियों सहित आठ लोगों की मृत्यु हो गई है। श्रीमती जया ने कहा कि सिग्नल की अनदेखी करने वाले मालगाडी के चालक और सह–चालक तथा कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड की मृत्यु हो गई। श्रीमती जया ने कहा कि हादसे में करीब 50 लोग घायल हो गये। उन्होंने कहा कि घायलों को उत्तरी बंगाल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इधर इस रेल हादसे से बारसोई.न्यू जलपाईगुड़ी रेल खंड पर यातायात प्रभावित हुआ है। दुर्घटना के बाद बारसोई. जलपाईगुड़ी रेल खंड पर गुवाहाटी अगरतला और पूर्वोत्तर की कई रेलगाडियां विभिन्न रेलवे स्टेशन पर रूकी हुई हैं।

*******************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को दो लाख 50 हजार और मामूली रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपये दिये जायेंगे।

*******************

सरायकेला स्थित अपने पैतृक आवास झिलिंगगोड़ा से रांची रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले सभी विकास योजनाओं को धरातल में उतारा जायेगा। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए तीव्र गति से काम किये जा रहे हैं।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सह–प्रभारियों की नियुक्ति की है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा को सह–प्रभारी बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सह–प्रभारियों की घोषणा की है।

*******************

इधर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शरमा को सहप्रभारी बनाए जाने के फैसले का झारखंड बीजेपी ने स्वागत किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिन्हा ने कहा है कि शिवराज सिंह चौहान के अनुभव और असम के मुख्यमंत्री की लोकप्रियता और उनकी ऊर्जा शीलता का लाभ झारखंड को मिलेगा।

*******************

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही आजसू पार्टी ने विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली है। मिशन 2024 के तहत पार्टी ने 26 जून से 26 जुलाई तक राज्य भर में संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जायेगा। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने रांची में आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन हर विधानसभा क्षेत्र में 100 पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं 30 जून को हुल दिवस के अवसर पर सभी विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं निर्मल महतो की शहादत दिवस के दिन रांची के मोराबादी मैदान में संकल्प दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आईजी अभियान ए वी होमकर ने बताया की कोल्हान और सारंडा के सीमावर्ती इलाके में नक्सलियों के इकट्ठा होने की सूचना पर चाईबासा पुलिस कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान नक्सलियों ने कोबरा बटालियन की टीम पर हमला बोल दिया। दोनों तरफ से लगभग 1 घंटे तक गोलीबारी चली। इस कार्रवाई में एक जोनल कमांडर, एक सब जोनल मेंबर कमेटी और दो दस्ता सदस्य मारे गए। अभियान के दौरान दो एरिया कमांडर भी पकड़े गए हैं। आईजी अभियान ए वी होमकर बताया कि घटनास्थल से कई हथियार बरामद किये गये है। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान जारी है। कोल्हान और सारंडा के इलाकों में माओवादियों का आखिरी गढ़ बचा हुआ है। बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ, चतरा और रांची जिले के कुछ इलाकों समेत राज्य के अन्य सभी इलाकों से नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया हो चुका है।

*******************

गोड्डा जिले में ईस्टर्न कोल्ड फिल्ड प्रबंधन द्वारा टीबी के मरीजों के बीच आहार टोकरी का वितरण किया गया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से उत्तर प्रदेश और बिहार के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। इस दौरान वे दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भी हिस्सा लेंगे। वहीं 19 तारीख को वे बिहार के नालंदा में अवशेषों का अवलोकन करेंगे और नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्‌घाटन भी करेंगे। नालंदा विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। 2016 में नालंदा के खंडहरों को संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थल घोषित किया गया था।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम होगा। श्रोता टोल फ्री नंबर

1800–11–7800 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

**********समाप्त**********